## सार-समाचार

### बीदासर अभिभाषक संघ के चुनाव 12 को

**बीदासर** (निस) राजस्थान बार काउंसिल, जोधपुर और उच्चतम न्यायालय व राजस्थान उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार बीदासर अभिभाषक संघ के वर्ष 2026 के चुनाव को लेकर बार सभा भवन में बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया जाकर वर्ष 2026 हेतु चुनाव के लिए ज्ञानाराम चौधरी एडवोकेट को मुख्य निर्वाचन अधिकारी, लालचन्द जाट एडवोकेट व रिजवान बागोट एडवोकेट को सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिसके अनुसार अभिभाषक संघ बीदासर की कार्यकारिणी के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सचिव, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष, पुस्तकालय अध्यक्ष, प्रवक्ता पद के लिए वार्षिक चुनाव 12 दिसंबर को करवाये जायेंगे। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार सभी सदस्य अधिवक्ताओं के सदस्यता शुल्क जमा करवाने का समय 8 दिसंबर को दोपहर 3 बजे तक, योग्य सदस्यों की मतदाता सूची घोषित करने का समय और 8 दिसंबर को सायं 5 बजे मतदाता सूची पर आपत्तियाँ प्राप्त व निस्तारण 9 दिसंबर को दोपहर 11 बजे से 1 बजे तक, अंतिम मतदाता सूची प्रकाशन 9 दिसंबर को दोपहर 03 बजे, चुनाव फॉर्म प्राप्त करने व भरकर जमा करवाने का समय 9 दिसंबर को सायं 4 बजे से 10 दिसंबर दोपहर 12 बजे तक, आवेदन फार्मों की जांच करने का समय 10 दिसंबर को दोपहर 3 बजे से सायं 04:30 बजे तक, उम्मीदवारों के वैद्य आवेदन पत्रों की सूची जारी करने का समय 10 दिसंबर को सायं 04:30 बजे, मतदान आवेदन पत्र विड्रॉल करने का समय 11 दिसंबर समय सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक, शेष रहे योग्य उम्मीदवारों की सूची के प्रकाशन का समय 11 दिसंबर को दोपहर 01:30 बजे, मतदान समय 12 दिसंबर को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक, मतगणना करने व परिणाम घोषित करने का समय 12 दिसंबर 2025 को दोपहर 3 बजे का रखा गया है।

### अवैध हरी गीली लकड़ियों से भरी चार पिकअप जब्त

**सादुलपुर,** (निसं)। सिद्धमुख पुलिस टीम ने हरी लकड़ियों की तस्करी करने वाले तस्करों के खिलाफ रविवार को बडी कार्यवाही को अंजाम दिया है। जिसमें अवैध हरी गीली लकड़ियों से भरी 04 पिकअप गाडियां जब्त करने की कार्यवाही की है। शाम छह बजे मिली जानकारी के अनुसार जिला पुलिस अधीक्षक चूरू जय यादव आईपीएस ने बताया कि रिछपाल आरपीएस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ व अभिजीत पाटिल आई.पी.एस. सहायक पुलिस अधीक्षक वृत राजगढ एवं थानाधिकारी पुलिस थाना सिद्धमुख धर्मेन्द्र सिंह उप निरीक्षक के निकटतम सुपरविजन में ईश्वर सिंह हैड कानि ने मय थाना मुलाजमानों द्वारा रात्रिकालीन गश्त के दौरान अवैध हरी गीली लकड़ियों से भरी 04 पिकअप गाडियां नम्बर आरजे 19 जीबी 8727, आरजे 10 जीसी 2338, आरजे 49 जीए 4061 व आरजे 10 जीसी 2838 को जब्त किया गया। सिद्धमुख थानाधिकारी धर्मेन्द्र सिंह उनि ने बताया कि अग्रीम कार्यवाही हेतु रेंजर राजगढ शंकरलाल स्वामी को सूचना भिजवाई गई। कार्यवाही में पुलिस थाना सिद्धमुख टीम सदस्य धर्मेन्द्र सिंह उ.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना सिद्धमुख, ईश्वर सिंह हैड कानि, जयपाल कानि., सुभाष कानि., प्रताप सिंह कानि. व महावीर प्रसाद चालक कानि आदि शामिल रहे। सिद्धमुख पुलिस टीम ने हरी लकड़ियों की तस्करी करने वाले तस्करों के खिलाफ रविवार को बडी कार्यवाही को अंजाम दिया है। जिसमें अवैध हरी गीली लकडियों से भरी 04 पिकअप गाडियां जब्त करने की कार्यवाही की है। गश्त के दौरान अवैध हरी गीली लकडियों से भरी 04 पिकअप गाडियां नम्बर आरजे 19 जीबी 8727, आरजे 10 जीसी 2338, आरजे 49 जीए 4061 व आरजे 10 जीसी 2838 को जब्त किया गया।

### भलाई के कार्यों में भाग लेने का आव्हान

**सादुलपुर,** (निसं)। कस्बा राजगढ के बाबा रामदेव जी मंदिर के पास स्थित राजेंद्र बिश्रोई इन्सां के निवास स्थान पर डेरा सच्चा सौदा के अनुयायियों की एक विशेष नाम चर्चा रविवार को धूमधाम से संपन्न हुई। दोपहर तीन बजे मिली जानकारी के अनुसार ब्लॉक प्रेमी सेवादार सम्पत इंसां के सानिध्य में आयोजित नामचर्चा मे काफी संख्या में डेरा अनुयायियों ने शिरकत की। वही राजस्थान प्रांत के 85 मेम्बर कमेटी के नम्र सेवादार प्रभु राम इन्सां व रामचन्द्र इन्सां ने उपस्थित साध संगत से डेरा सच्चा सौदा द्वारा चलाये जा रहे मानवता भलाई के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आव्हान किया। इसके साथ-साथ राजेंद्र बिश्नोई इंसां ने भी समस्त साध संगत से इस पवित्र माह में बुराइयां को छोडकर आमजन को नशों से दूर रहने हेतू प्रेरित करने का आव्हान किया। वहीं इस खुशी की नाम चर्चा में प्रेमियों ने एक से बढकर एक भजन की प्रस्तुतियां देकर साथ संगत को मंत्र मुक्त कर दिया। इस अवसर 85 मेम्बर कमेटी के नम्र सेवादार प्रभू राम इन्सां, रामचंद्र इन्सां व चानणमल डोकवेवाला, महेंद्र कटारिया इन्सां, पवन इन्सां, राजू इन्सां, दान सिंह इन्सां, टेकचंद इन्सां, पवन बागडी इन्सां, बलबीर इंसां, श्रवण सोनी आदि सहित काफी साध संगत उपस्थित रही।

### ईश्वर सिंह का इसरो में चयन

**रतनगढ़** (निसं)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो द्वारा आयोजित टेक्निशियन-बी परीक्षा में राजस्थान पॉलिटेक्निक कॉलेज रतनगढ़ के पूर्व विद्यार्थी रहे ईश्वर सिंह राजपुरोहित ने सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। कॉलेज प्रबंधन की ओर से ईश्वर सिंह राजपुरोहित का माल्यार्पण कर व मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के सहायक निदेशक जे.पी. भाटी, मनोज जांगिड, पत्रकार मंगतुराम मंडीवाल दयाशंकर छपुनिया, गोपीचंद मेघवाल, तनुज कुमार शर्मा, विक्की खत्री, देवा चंद, वीरेंद्र मेघवाल, विकास कुमार, हरीश कुमार सहित बडी संख्या में स्टाफ सदस्य व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। सभी ने ईश्वर सिंह को बधाई देते हुए भविष्य में और भी ऊंचाइयों को छूने का आशीर्वाद दिया। कॉलेज प्रबंधन ने कहा कि ईश्वर सिंह का इसरो में चयन न सिर्फ कॉलेज बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए सम्मान की बात है।

### हनुमत ध्वज एवं भूमि पूजन किया

**सीकर** (निसं)। सिद्धपीठ श्री झल्डा वाले बालाजी धाम कंवरपुरा रोड नाथावतपुरा सीकर में हो रहे चतुर्थ वार्षिक महोत्सव के तहत संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के उपलक्ष्य में हनुमत ध्वज एव भूमि पूजन किया गया जिसमें महंत श्री रामाशंकर दाधीच ने बताया कि सप्त दिवसीय भागवत कथा के इस भव्य व दिव्य आयोजन के लिए बालाजी का पूजन कर ध्वज पूजन किया फिर कथा स्थल पर यज्ञ भूमि का पंचगव्य से प्रोक्षण किया भूमि पूजन कर सभी भक्तों को पीले चावल व निमंत्रण देकर इस आयोजन का आगाज हुआ जिसमे वैदिक मंत्रोच्चार से वैदिक ब्राहणों द्वारा वैदिक विधान से पूजन सम्पन्न हुआ जिसमे पंडित राकेश शास्त्री वैदिक प्रदीप शास्त्री व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे श्री माता दीन, विजय कुमावत, रामचन्द्र, बाबूलाल प्रमोद नेहरा अजय जोशी गौरव डीडवानिया मोहन सिह नाथावत महेंद्र सिह नाथावत बालाजी के अनन्य भक्त व कार्यकर्ता रहे।

### राजस्थान पटवार संघ जिला शाखा चूरू के चुनाव सम्पन्न

**सादुलपुर,** (निसं)। राजस्थान पटवार संघ जिला शाखा चूरू के रविवार को चुनाव सम्पन्न हुए। प्रदेश नेतृत्व द्वारा उक्त कार्यक्रम हेतु प्रदीप सहारण तथा होशियार सिंह खिचड को चुनाव अधिकारी नियुक्त कर निर्वाचन सम्पन्न करवाया गया। शाम छह बजे दी जानकारी के अनुसार उक्त चुनाव में अंकित साडोदिया तीसरी बार जिला अध्यक्ष निर्वाचित हुए। जिसको लेकर राजगढ में पटवार संघ में खुशी की लहर है। साथ ही रजीराम सिहाग वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रतीराम जाखड महामंत्री, अजीत भाकर उपाध्यक्ष, रोहताश बिजारणिया उपाध्यक्ष, अक्षय शेषमा संयुक्त मंत्री, जितेन्द्र सिंह चारण कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। पुरे जिले की दस उपशाखाओं ने निर्वाचन में भाग दिया। वहीं चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न हुए।

### युवाओं ने स्वेच्छा से 25 यूनिट रक्तदान किया

**सीकर** (निसं)। शहर के सबसे बड़े राजकीय श्री कल्याण अस्पताल में रविवार को युवाओं ने स्वेच्छा से 25 यूनिट रक्तदान किया। यह जानकारी देते हुए युवा कुलदीप खीचड़ ने बताया कि सीकर के राजकीय श्री कल्याण चिकित्सालय में ब्लड की कमी को देखते हुए रविवार को एसके अस्पताल में जाकर 25 यूनिट रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि रक्तदान करने से किसी की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि युवाओं को आगे बढ़कर रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान महादान है। इस अवसर पर कुलदीप खीचड़, हेमंत शेषमा, रवि सैनी, शशि शर्मा, विकास सैनी, मुकेश मोयल, पिंटू सैनी, प्रमोद सैनी, महेंद्र खीचड, बंटी सहित कई युवाओं ने रक्तदान किया।

# बालिकाओं की शिक्षा से दो घरों का नाम रोशन होता है : लखावत

**चूरू** (निसं)। राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नित प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत का जिला मुख्यालय स्थित चारण छात्रावास में स्वागत किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राजकीय जालान महाविद्यालय रतनगढ़ के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रोफेसर कल्याण सिंह ने कहा कि लखावत ने पूरे राजस्थान प्रांत में महापुरुषों, देवताओं,

> ■ 'लखावत ने पूरे प्रांत में महापुरुषों, देवताओं, राजस्थान के साहित्य एवं संस्कृति को प्रोत्साहन देने का अनूठा कार्य किया'



राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नित प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत का चारण छात्रावास में स्वागत किया।

राजस्थान के साहित्य एवं संस्कृति को प्रोत्साहन देने का अनूठा कार्य किया है इनके द्वारा प्रदेश में महाराणा प्रताप, पाबूजी, मीराबाई, केसरी सिंह बारहठ सहित अनेक महापुरुषों के पैनोरमा का निर्माण करवाया गया है इन पेनॉरमाओं से आने वाली पीढियां महापुरुषों के जीवन दृष्टांत से प्रेरणा लेंगी। संस्थान के अध्यक्ष रिछपाल सिंह चारण ने बताया कि इस संस्थान की स्थापना 2018 में की गई थी तत्पश्चात नवंबर 2020 में छात्रावास का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया।

वर्तमान में छात्रावास स्थित प्रतिमा स्थल पर केसरी सिंह बारहठ, प्रताप सिंह बारहठ, महात्मा ईसर दास, महाकवि केशोदास गाडण एवं समान बाईसा की प्रतिमा स्थापित हो चुकी है। छात्रावास में अध्यनरत समाज के बच्चों के लिए निःशुल्क भोजन एवं आवास की व्यवस्था उपलब्ध है।

इस अवसर पर युवा भाजपा नेता प्रहलाद दान छोटडिया ने बताया कि इस सरकार के द्वारा चुरू जिले को मरुस्थलीय जिला घोषित किए जाने पर मुख्यमंत्री एवं लखावत का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नित प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने बताया कि छात्रावास केवल जमीन का टुकड़ा एवं ईट सीमेंट पत्थर से बना हुआ भवन नहीं है यह समाज की आत्मा है।

इस स्थान को समाज के प्रमुख गतिविधियों का केंद्र बनाए जाने का आव्हान करते हुए बताया कि छात्रावास में अध्ययनरत बच्चों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था किए जाने का सुझाव दिया।

लखावत ने बालिका शिक्षा के महत्व को बताते हुए कहा कि बालिकाओं की शिक्षा से दो घरों का नाम रोशन होता है। समाज में दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों से दूर रहने एवं छात्रावास में समाज के बालक बालिकाओं के सामूहिक विवाह का आयोजन करने का सुझाव दिया।

इस अवसर नारायणदान कांगड, चतर सिंह, देविदान चारणवासी, राजूदान अध्यापक, लक्ष्मणदान धीरासर, जितेंद्र सिंह कालेसर की ढाणी, लक्ष्मण दान खासौली, ओमवीर सिंह कविया, अजयपाल सिंह, कैलाशचन्द्र, मातूसिंह राठौड, श्याम सिंह सूरतपुरा सहित चुरू जिले के विभिन्न गांव से पधारे हुए समाज के गणमान्य लोगों ने लखावत का छात्रावास पधारने पर माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के सचिव सुल्तान दान चारण ने किया।

## मधुमेह चिकित्सा शिविर संपन्न

**झुंझुनूं,** (निसं)। लॉयंस क्लब झुंझुनूं के तत्वावधान में स्वर्गीय एमजेएफ लॉयन बृजगोपाल पुरोहित की पुण्य स्मृति में उनकी धर्मपत्नी शकुंतला पुरोहित के आर्थिक सौजन्य से पंसारी लॉयंस अस्पताल बगड रोड झुंझुनूं में सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक मधुमेह चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। मधुमेह चिकित्सा शिविर में बीपी, शुगर, ब्लड प्रेशर की जांच निःशुल्क की गई। परामर्शकर्ता लायन डॉ. अनिल अग्रवाल एवं लॉयन डॉ. एनएस नरूका के परामर्श पर लिखी गई दवाइयां पंजीकृत किए गए 72 रोगियों को एक माह की निशुल्क प्रदान की गई। बहुउद्देशीय चिकित्सा शिविर में 20 रोगियों का पंजीयन कर परामर्शकर्ता लॉयन डॉ. एनएस नरूका व लॉयन डॉ. अनिल अग्रवाल के परामर्श पर लिखी गई दवाइयां क्लब मेडिसिन बैंक से रोगियों को सात दिवस की निःशुल्क प्रदान की गई।

# बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षण संस्थान सीकर में सावित्री बाई फुले महिला महाविद्यालय सीकर एवं आरएच आरडी फाउंडेशन जयपुर जिला-सीकर के संयुक्त तत्वावधान में भारत के संविधान के मुख्य शिल्पकार बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. भीमराव अंबेडकर, महात्मा ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले, व मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ. सुभाष कुंतल, सहायक आचार्य विधि महाविद्यालय सीकर, डॉ. आरसी मीणा, सहायक कुलसचिव पंडित दीनदयाल उपाध्याय, विश्वविद्यालय और डॉ.मुनेश सहायक आचार्य विधि महाविद्यालय सीकर का संस्थान सचिव डॉ. ओपी सैनी ने दुपट्टा ओढाकर व प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मान किया ।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. सुभाष कुंतल ने संबोधित करते हुए बतलाया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर जिन्होंने न केवल इतिहास लिखा बल्कि उसको जिया भी, जिन्होंने न केवल संविधान बनाया बल्कि नया संविधान गढा, जिन्होंने न केवल अपने लिए रास्ता बनाया बल्कि लाखों लोगों के लिए मिसाल बने।

डॉ. कुंतल बताया कि भीमराव अंबेडकर ने प्रारूप समिति के अंतिम भाषण में कहा था संविधान चाहे कितना भी उत्तम क्यों ना हो अगर उसे लागू करने वाले लोग अच्छे नहीं होंगे तो संविधान सफल नहीं होगा। उन्होंने एकता, अखंडता, सामाजिक, लोकतंत्र, स्वतंत्रता, समानता, समरसता, बंधुत्वता जैसे शब्दों पर जोर देते हुए सामाजिक चेतना को राष्ट्रीय चेतना की ज्योति बतलाया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. आर.सी. मीणा जिला अध्यक्ष राजस्थान हुमन रिसोर्स डेवलपमेंट फाऊंडेशन जयपुर ने भीमराव अंबेडकर के मूल विचारों से अवगत कराते हुए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में इनके अतिरिक्त सावित्रीबाई फुले महिला महाविद्यालय के प्राचार्य, सावित्रीबाई फुले महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य व दोनों महाविद्यालय के व्याख्यातागण और सभी छात्राएं उपस्थिति रही।

# कम्बल वितरण कार्यक्रम आयोजित

**बिसाऊ** (निसं)। लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट द्वारा सात दिसंबर 2025 को बालाजी मंदिर वार्ड नं. 22, बिसाऊ में एक समर्पित कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

> ■ सर्दी से राहत के लिए लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट की पहल

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष एडवोकेट पवन जी धौलपुरिया ने की,मुख्य अतिथि के रूप में श्री किशन स्वामी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अध्यक्ष की पवन जी का सम्मान रामकुमार जी सैनी, श्री किशन स्वामी का स्वागत अशोक माटोलिया ने किया इस अवसर पर 30 कम्बल जरूरतमंदों के बीच वितरित किए गए।

कार्यक्रम का उद्देश्य बढ़ती ठंड के मद्देनजर गरीब और जरूरतमंद लोगों को गर्मजोशी प्रदान करना था। ट्रस्ट प्रभारी सूर्यकान्त सैनी ने कहा, ''हम सभी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सर्दी के इस मौसम में कोई भी व्यक्ति बिना गर्म कपड़ों के न रहे। हमारी यह छोटी सी कोशिश उन लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए है जो सर्दी के समय में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं।'

मुख्य अतिथि किशन स्वामी ने अपनी बात रखते हुए कहा, 'इस तरह के सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन हमें एकजुट करता है और एक जिम्मेदार नागरिक होने का एहसास कराता है। हमें आगे भी ऐसे प्रयास करते रहना चाहिए ताकि समाज के सबसे कमजोर वर्ग को सहायता मिल सके।'

कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और ट्रस्ट की इस पहल की सराहना की। ''इसी तरह के कार्यक्रमों से हमें महसूस होता है कि हमारे समुदाय में अभी भी सहानुभूति और एकता जिंदा है।''

यह कार्यक्रम केवल एक कम्बल वितरण तक सीमित नहीं था, बल्कि यह लोगों के बीच जागरूकता फैलाने का भी एक प्रयास था। ट्रस्ट ने स्थानीय लोगों को सर्दियों में स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने एवं अपने आस-पास के जरूरतमंदों की मदद करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंत में, एडवोकेट पवन जी धौलपुरिया ने सभी उपस्थित लोगों का धन्यवाद देते हुए कहा, 'सर्दियों में जितना संभव हो सके हमें एक-दूसरे की मदद करनी चाहिए। यह हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है और हम सभी को मिलकर इसे निभाना है।'

इस कार्यक्रम ने न केवल जरूरतमंदों को कम्बल प्रदान किया, बल्कि समुदाय में एकजुटता और मानवता की भावना को भी मजबूत किया। ऐसे आयोजनों से यह आशा जगी है कि समाज में सहानुभूति एवं सहयोग की भावना हमेशा जीवित रहेगी।

इस मौके पर ट्रस्ट संरक्षक नन्द लाल सैनी, सचिव रामकुमार स्वामी, दिनेश शर्मा, गौरव चौहान, अशोक माटोलिया, सोनू शर्मा आदि उपस्थित थे।

## बावलिया बाबा की दिव्य संदेश यात्रा 15 को

**चिड़ावा,** (निसं)। बिड़ला के वरदाता, जन-जन की आस्था के प्रतीक परमहंस पंडित गणेशनारायणजी बावलिया बाबा के निर्वाणोत्सव पर भगवत जन कल्याण मिशन द्वारा बाबा का यशोगान जन-जन तक पहुंचाने के लिए पिछले 13 वर्षों से आयोजित होने वाली परमहंस दिव्य संदेश यात्रा 15 दिसंबर से प्रारंभ होगी।

यात्रा का मुख्य उद्देश्य बाबा की शिक्षाओं के अलावा आमजन व युवा पीढ़ी को सनातन धर्म की जानकारी देना रहेगा। यात्रा आयोजन समिति के सदस्यों ने बावलिया बाबा के दिव्य संदेश यात्रा संबंधी तैयारियां आरंभ कर दी है। वहीं यात्रा मार्ग में पड़ने वाले गांवों व शहरों में भी बाबा के भक्त यात्रा के स्वागत व अन्य तैयारियों में लग गए है।

आयोजन समिति के अभयसिंह बडेसरा और मुकेश जलिंद्रा ने बताया 15 दिसंबर को सुबह सवा दस बजे कॉलेज रोड पर सनातन आश्रम पोद्दार पार्क स्थित परमहंस पीठ से पूजन-आरती के साथ आठ दिवसीय यात्रा आयोजन का शुभारंभ होगा।

## पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया

**झुंझुनूं,** (निसं)। आवाम ग्रुप झुंझुनूं की ओर से रविवार को समाज कल्याण छात्रावास में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ भाजपा नेता राजेश दहिया एवं एडीएम डॉ. अजय कुमार आर्य ने किया। इस अवसर पर अतिथियों एवं आवाम ग्रुप के सदस्यों ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। भाजपा नेता राजेश दहिया ने बताया कि आवाम ग्रुप द्वारा सामाजिक हित में किया गया कार्य ना केवल सराहनीय है बल्कि प्रेरणादायी है। इस शिविर में युवाओं ने बढ-चढकर रक्तदान किया है। वह काबिले तारीफ है। एडीएम डॉ. अजय आर्य ने रक्तदान को महादान बताते हुए अन्य को इस तरह के कार्यक्रमों के लिए प्रेरित किया। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा ने रक्तदान के महत्व पर जोर देते हुए युवाओं को जुडने का आव्हान किया। ग्रुप के सदस्य सीताराम बास बुडाना ने बताया कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर में 54 यूनिट रक्त संग्रहण का कार्य बीडीके ब्लड बैंक की टीम द्वारा किया गया।

# गीता जयंती महोत्सव में भाग लेने वाले बच्चों को सम्मानित किया

**चूरू** (निसं)। सराफ फाउंडेशन द्वारा संचालित गीता क्लास में गीता जयंती शोभायात्रा महोत्सव में भाग लेने वाले बच्चों को गीता क्लास में रविवार को सम्मानित किया गया।

गीता जयंती महोत्सव पर भास्कर भवन में लगाए गए श्री हरि की फोटो पर पांच श्लोक के साथ प्रार्थना के समक्ष श्याम सुंदर भोजक ने सह पत्नीक व सभी गीता क्लास के आचार्य, सहयोगियों ने दीप प्रचलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

जनार्दन और निरंजन देव आचार्य ने बच्चों को 12वां और 15वां अध्याय, 5 श्लोक, प्रार्थना, गजल गीत कीर्तन के साथ-साथ पहले अध्याय के बारे में बच्चों को अध्ययन करवाया। संयोजक संजय सिंघानिया ने बताया कि हर रविवार को बच्चों की संख्या में बढोतरी हो रही है और हर बार बच्चों को गीता के साथ-साथ कुछ नया सिखाया जा रहा है जो बातें जीवन में बच्चों के काम



गीता जयंती शोभायात्रा महोत्सव में भाग लेने वाले बच्चों को सम्मानित किया।

आ सके। चूरू में पहली बार गीता क्लास द्वारा निकाली गई भव्य शोभायात्रा को भी सभी नगर वासियों ने स्वागत किया और बहुत अच्छी शुरुआत बताई। कार्यक्रम का संचालन मोहित सिंघानिया व माधुरी शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर ममता शर्मा, पूनम शर्मा, दिव्या शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लापता युवक का शव कुएं में मिला

**सीकर** (निसं)। सीकर के दादिया थाना इलाके के सिंहासन गांव में 24 घंटे से लापता युवक का शव गांव में ही स्थित 150 फीट गहरे कुएं में मिला। सिविल डिफेंस टीम ने रेस्क्यू करके शव को बाहर निकाला, जिसके बाद शव का एसके हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में पोस्टमॉर्टम करवाया गया।

दादिया थाना बुद्धिप्रसाद ने बताया कि मृतक का नाम लालचंद सैन (45) पुत्र नंदकुमार सैन निवासी सिंहासन है, जो शनिवार सुबह से ही लापता था। परिवार और ग्रामीणों ने काफी तलाश की, लेकिन वह नहीं मिला। आज जब ग्रामीणों ने गांव के मंदिर के पास वाले कुएं में टॉर्च से देखा तो वहां शव पड़ा मिला।

मौके पर सिविल डिफेंस टीम और पुलिस को बुलाया गया। सिविल डिफेंस टीम ने रेस्क्यू करके शव को बाहर निकाला और एसके हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में लाया गया, जहां पोस्टमॉर्टम किया गया। बुद्धिप्रसाद ने बताया कि लालचंद गांव में ही नाई की दुकान पर काम करता था और मानसिक रोगी था, जिसका सिंहासन और जयपुर में इलाज चल रहा था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। रेस्क्यू टीम में कैलाश मीणा, श्रवण सहित अन्य लोग शामिल थे।

## सार-समाचार

### चार वार्डों में पेयजल समस्या का समाधान

**रतनगढ़** (निसं)। भीषण सर्दी के बीच वार्ड 16, 29, 30 और 31 के सैकड़ों लोगों को पिछले कई दिनों से पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा था। सड़क निर्माण के दौरान टूटी मुख्य पाइप लाइन और लगातार लीकेज के कारण आठ दिन से पानी की आपूर्ति बाधित थी। पार्षद नंदकिशोर भार्गव की लगातार शिकायत और प्रयासों के बाद जलदाय विभाग ने नई पाइप लाइन डालकर समस्या का समाधान किया। पार्षद भार्गव ने कहा कि जनता को राहत दिलाने के लिए वे लगातार प्रयासरत रहे और आगे भी जनहित के कार्यों में दिन-रात तत्पर रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि कई वार्डों में अभी भी दूषित पानी की समस्या है, जिसे विभाग को अवगत करवा दिया गया है। अधिशाषी अभियंता महेंद्र कांटीवाल ने कहा कि विभाग जनता को नियमित और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। जहां-जहां लीकेज या तकनीकी समस्या सामने आएगी, उसे प्राथमिकता से ठीक किया जाएगा। उन्होंने पार्षद व मोहल्लेवासियों के सहयोग के लिए आभार भी व्यक्त किया।जेईएन रेखा गौड, कन्हैयालाल शर्मा,अजय, सुरेश सहित टीम के अन्य सदस्यों ने पाइप लाइन दुरुस्त कर जलापूर्ति बहाल की। पेयजल मिलने के बाद वार्डवासियों ने राहत की सांस ली।

### शौर्य दिवस पर सामूहिक श्रीराम स्तुति

**बिसाऊ** (निसं)। सनातन सेवा न्यास द्वारा स्थानीय हनुमान मंदिर में सामूहिक रुप से श्री राम स्तुति करके शौर्य दिवस मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सनातन सेवा न्यास के मलसीसर तहसील अध्यक्ष गौरव माटोलिया बिसाऊ ने कारसेवकों के योगदान को बताते हुए कहा कि यदि कारसेवक एकजुट नहीं होते तो हम आज शौर्य दिवस नहीं मना पाते। इसी क्रम में संभाग प्रभारी मनोज सहल के कारसेवा से जुडे योगदान को भी सराहा गया। माटोलिया ने कहा कि अयोध्या में श्रीराम का भव्य मंदिर सनातनियों की एकजुटता और साहसपूर्ण शौर्य से बना है वैसे ही सभी सनातनियों को एकजुट रहने की आवश्यकता है। नगर सचिव मोहित शर्मा ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी सनातनियों को धन्यवाद दिया और युवाओं को सनातन सेवा न्यास से जुड़ने का आव्हान भी किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ तथा अंत में युवाओं द्वारा जय श्री राम तथा हर हर हर महादेव के नारे भी लगाए गए। कार्यक्रम में सनातन सेवा न्यास के मलसीसर तहसील अध्यक्ष गौरव माटोलिया बिसाऊ, सनातन सेवा न्यास के बिसाऊ नगर सचिव मोहित शर्मा सहित हेमंत सैनी, श्यामसुंदर, सुधांशु शर्मा,हार्दिक शर्मा,प्रतीक चौधरी,देवांग शर्मा तथा अंकित शर्मा आदि सनातनी उपस्थित रहे।

### रास्ता खुलवाने की मांग, प्रदर्शन किया

**सादुलपुर,** (निसं)। सादुलपुर हिसार एनएच-52 पर सादुलपुर के वार्ड 40 से लॉर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल के पास से होकर सादुलपुर हिसार एनएच 52 को क्रोस कर खेतों की ओर गुजरने वाले मुख्य रास्ते को खुलवाने की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता रमेश जोईया के नेतृत्व में रविवार को कस्बे के वार्ड 40 सहित अन्य वार्डों के लोगों ने प्रदर्शन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा आने वाले चुनावों में वोटो को बहिष्कार करने की चेतावनी दी है। प्रातः 11 बजे के करीबन लोगों ने एनएच 52 पर चूरू प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही बताया कि प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि उन्होंने बार-बार प्रशासन व राजनेताओं को अवगत करवाया दिया गया, लेकिन वोट के समय नेतागण वोट लेने के लिए आ जाते हैं, मगर लोगों को खेतो में जाने के लिए बन्द पड रास्ते को लेकर मौन है, यदि शिघ्र ही इस समस्या को समाधान नहीं किया जो अबकी बार आने वाले चुनावों में मतदान का बहिष्कार करेंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### श्री अन्नपूर्णा रसोई का औचक निरीक्षण

**सीकर,** (निसं)। राज्य सरकार की कोई भूखा नहीं सोए योजना के तहत संचालित श्री अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण किया गया। इस योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को 8 रुपए में पोष्टिक और स्वास्थ्यवर्धक भोजन उपलब्ध कराया जाता है, जबकि 22 रुपए राज्य सरकार द्वारा अनुदान के रूप में प्रदान किए जाते हैं। राजपाल यादव, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सीकर ने रविवार को ब्लॉक धोद की कासली और सिंगरावट रसोई का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भोजन की गुणवत्ता और व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई। रसोई में भोजन कर रहे लाभार्थियों से भी मुलाकात हुई। रसोई संचालक और ऑपरेटर के साथ दैनिक समस्याओं पर चर्चा की गई। रामनिवास सैनी, प्रशासनिक अधिकारी, भी निरीक्षण में मौजूद थे।

### शिक्षक संघ की विशेष बैठक आयोजित

**पाटन** (निसं)। रविवार को राजस्थान शिक्षक संघ (अम्बेडकर) की एक विशेष बैठक डॉ. भीमराव अम्बेडकर छात्रावास में संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अशोक कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई।बैठक में यह निर्णय लिया गया कि संघ के सभी सम्मानित सदस्य भविष्य में होने वाली संघ की महत्वपूर्ण बैठकों एवं सामाजिक कार्यक्रमों में स्वेच्छा से अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करें, ताकि संगठन को और अधिक मजबूत, संगठित व प्रभावशाली बनाया जा सके।बैठक में आगामी 19-20 दिसम्बर को राजसमंद में आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय शैक्षिक सम्मेलन में सक्रिय भागीदारी पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके साथ ही संघ की नई लैटर पैड तैयार करने तथा उसमें नए सदस्यों के नाम सम्मिलित करने के प्रस्ताव पर भी विचार-विमर्श हुआ।

## समाज में फैली कुरीतियों पर चर्चा की

**कोलसिया,** (निसं)। सिंघानिया धर्मशाला में रविवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। किसान नेता सुभाष बुगालिया ने कहा कि गांव में विकास समिति का गठन होना चाहिए। ताकि वह पंचायत के सहयोग से अनेक विकास कार्य करवा सके। उन्होंने गांव में फैली कुरीतियों पर चर्चा करते हुए कहा कि किसी भी समाज मे मृतक पर एक से अधिक चद्दर या चुनड़ी ओढ़ाने की प्रथा समाप्त होनी चाहिए। साथ ही शादी समारोह में भात में जाने वाले लोग चुनडी, साडी आदि न देकर बहिन या बेटी को 500 रुपए नकद देकर सहयोग करें। ताकि उसके काम आए। गांव में किसी भी घर पर कोई स्मार्ट मीटर लगाने आएं तो विरोध करें तथा तत्काल ग्रामीणों को एकत्र करें। इस निर्णय का ग्रामीणों ने स्वागत किया। इस मौके पर अमीलाल बुगालिया, गौरीशंकर सैनी, राजेंद्रसिंह, बंशीलाल बुगालिया, विजेंद्रसिंह, मनोहर सिंह, महेंद्रसिंह, कैप्टन महेश, रमेश कुमार, अनिल सिहाग, महेंद्र केडिया, महिपाल कुमावत, हरिराम जांगिड, हरिराम बुगालिया, नंदकिशोर स्वामी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।